THE SEA EXPRESS



छात्राओं को छात्रवृत्ति देते एमएलसी विवेक बंसल व अन्य।

# निर्धन छात्राओं को प्रदान की छात्रवृत्ति

**अलीगढ़ (सी न्यूज)।** श्रीमती उर्मिला मित्तल मेमोरियल ट्रस्ट नई दिल्ली के अध्यक्ष और समाजसेवी सीडी मित्तल और कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व एमएलसी विवेक बंसल ने निर्धन परिवार की छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए छात्रवृत्ति वितरित की। एमएलसी बंसल के निवास पर आयोजित कार्यक्रम में अध्यक्ष श्री मित्तल ने कहा कि ट्रस्ट ने आवेदन करनी वाली करीब 200 छात्राओं को पंजीकृत किया है। वर्ष 2012-13 में करीब 300 छात्राओं को प्रोत्साहित करने का लक्ष्य है। निर्धन परिवार की मेधावी छात्राएं जो कि आर्थिक तंगी के चलते आगे की पढ़ाई से वंचित रह जाती हैं वे ट्रस्ट के पास आवेदन कर सकती हैं।

एमएलसी विवेक बंसल ने कहा कि छात्राओं को शिक्षित बनाने के लिए ट्रस्ट ने जो प्रयास किए हैं वे सराहनीय हैं। अब किसी भी निर्धन परिवार की छात्रा को धन की तंगी के चलते पढ़ाई से वंचित नहीं होना पड़ेगा। इस अवसर पर हरी मोहन गोविल, विजय गोविल, युवक कांग्रेस के प्रदेश चेयरमैन योगेश दीक्षित, प्रदीप शर्मा, नरेन्द्र देव वशिष्ठ, नौशाद कुरैशी, सीपी गौतम, वेदान्त गौड़, गौरव गोदानी, अंकुर मित्तल, शाहिद खान आदि उपस्थित थे।